खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 4 अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित

**मण्डला।** सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का व्यक्तिगत रूचि लेकर शत-प्रतिशत निराकरण समय-सीमा में किये जाने हेतु प्रत्येक समय-सीमा बैठक में निर्देशित किया जाता है। इसके बाद भी कतिपय सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर माह अप्रैल-2025 में प्राप्त शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में नहीं किये जाने के कारण शिकायतें बिना निराकरण दर्ज हुये अनिराकृत होते हुये अगले लेवल अधिकारी के लेवल में प्रेषित हुई हैं। जिससे जिले की मासिक एकजाई ग्रेडिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और शासन स्तर पर जिले की छवि धूमिल हुई है। सीएम हेल्पलाईन में शिकायतों को नॉट अटेण्ड करने वाले अधिकारियों की स्वेच्छाचारिता एवं शासन के महत्वाकांक्षी योजना के प्रति लापरवाही का परिचायक है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम घुघरी पर एक हजार रूपए, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बीजाडांडी पर एक हजार रूपए, सर्किल हेड एचडीएफसी बैंक पर 500 रूपए तथा वरिष्ठ उप पंजीयक पर 500 रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। अधिरोपित जुर्माना की राशि एक दिवस के अंदर जिला रेडक्रॉस सोसायटी मण्डला के खाते में जमा करते हुये पावती अभिस्वीकृति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 31 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**मण्डला।** श्रम पदाधिकारी जिला मंडला ने बताया कि श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों मे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रदेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक www.dsd.mp.gov.in पर पंजीयन 31 मई 2025 तक कर सकते हैं। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर ए वर्षीय पाठयक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवी उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## जमीन समतलीकरण के नाम से धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा

# राजस्थान के दो आरोपी गिरफ्तार

*** सेवानिवृत्त कर्मचारियों से करते है धोखाधड़ी।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

थाना बम्हनी में सेवा निवृत्त शिक्षक निवासी चिरईडोंगरी थाना बम्हनी ने शिकायत की थी, जिसने अपने रिपोर्ट में बताया कि कुछ लोगों ने जे.सी.बी. मशीन रेल्वे विभाग में लगी हुई है, जो दो तीन दिन की छुट्टी होने से कम पैसे में खेत में काम कराने के संबंध मे कहते प्रार्थी के खेत पर जे.सी.बी. मशीन से खेत में खुदाई कर सुबह तीन अन्य व्यक्ति आये जिन्होने अपने आप को रेल्वे के अधिकारी व तहसील कार्यालय के कर्मचारी बताकर प्रार्थी के ऊपर कार्यवाही करने का कहकर जेल भेजने की धमकी देते हुये 10 से 15 लाख रुपये का जुर्माना पटाकर रशीद प्राप्त कर मामला रफा-दफा करने की बात कर भय दिखाया गया। प्रार्थी द्वारा सरकारी कर्मचारी होने के कारण भय मे आकर एव जेल जाने के डर से उन 3 व्यक्तियों के साथ स्टेट बैंक मण्डला (मेन ब्रांच) से चैक द्वारा 10,70,000/- रुपये निकलवाया व प्रार्थी एंव उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर महाराजपुर में छोड़ धमकी देकर भाग गये । प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना बम्हनी मे अपराध क्रं. 129/2025 धारा 318(4), 308(2),3(5) BNS का कायम कर कर विवेचना मे लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये मामले के खुलासा व अज्ञात आरोपीगणो की गिरफ्तारी करने के संबंध मे निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी अरूण प्रताप सिंह भदौरिया थाना प्रभारी बम्हनी के के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। विवेचना के दौरान टीम द्वारा घटना स्थल का रूट मैप तैयार कर सीसीटीवी एवं सायबर सेल मंडला से प्राप्त तकनीकी जानकारी का विष्लेषण कर 06 सदस्यीय टीम को राजस्थान अज्ञात संदेही आरोपिगणो की जानकारी प्राप्त करने रवाना किया गया। जो आरोपी परवीन खान पिता कमाल खान उम्र 31 साल एंव नबीशेर खान पिता मुलताज खान उम्र 55 साल दोनो निवासी पुलिस लाईन के सामने करौली राजस्थान के लिप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई। घटना को अंजाम देने वाले दोनो आरोपियों को थाना घंसौर जिला सिवनी मे प्राप्त होने पर गठित पुलिस टीम के द्वारा आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पुछताछ पर जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में अन्य राज्यों में भी घटना की बात स्वीकार किया गया। आरोपियों के संबंध में छत्तीसगढ के विभिन्न जिलो बालोद, बालोद बाजार, राजनानंद गांव, जबलपुर, सिवनी मे भी इसी तरह से धोखाधडी कर रूपये पैसे वसूल किये गये है तथा बालोद, राजनांदगांव में इस तरह के प्रकरणों में जेल निरूध्द रहे है। पुलिस द्वारा प्रकरणो के संबंध मे अन्य जिला व राज्यो से जानकारी प्राप्त की जा रही है जिससे और भी मामले की जानकारी मिल सकती है।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नैनपुर मनीष राज, उप.निरी. अरूण प्रताप सिंह भौदरिया थाना प्रभारी बम्हनी, सहा. उप.निरी. राकेश बघेल, सहा. उप. निरी. मुकेश चौरसिया, प्रधान आरक्षक धीरज नाग, प्र.आर. इंदर सिंह राजपूत, आरक्षक सुनील सिंह, आरक्षक खिलेन्द्र राहगडाले, नवीन कठौते एव सायबर सेल मण्डला की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### पिछले कई वर्षो से चल रहा है यह गोरख धंधा

जमींन समतलीकरण के नाम पर यह धोखाधड़ी पिछले कई वर्षो से जारी है बहुत से मामलों में तो पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत ही नहीं की और बहुत से मामले ऐसे थे जिनमें शिकायत के बावजूद पुलिस की लापरवाही से आरोपी पकड़े नहीं गये।

इन धोखाधड़ी करने वालों का निशाना वे सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी ज्यादा होते हैं जिन्हें हाल ही में सेवानिवृत्ति के बाद एक बड़ी राशि शासन द्वारा मिली होती है इन लोगों को चिन्हित कर ये धोखाधड़ी करने वाले पहले तो उन्हें मीठा बोल-बोलकर अपने जाल में फंसाते हैं और फिर काम करने के बाद लाखों रूपये का बिल थमा देते हैं। इनके पास इन पीड़ितों के परिवार की पूरी जानकारी होती है और वे पीड़ित से किसी तरह बैंक की पासबुक मंगाकर उसे बैंक ले जाकर पैसे निकलवाते हैं इस दौरान पीड़ित को इतना ज्यादा डरा धमका दिया जाता है कि वह किसी से इस धोखाधड़ी का जिक्र भी नहीं करता।

कोरोना काल के समय जबकि पूर्ण रूप से लॉकडाउन था ऐसे समय में जबलपुर फैक्ट्री में काम करने वाले एक कर्मचारी के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी की गई थी वह व्यक्ति मण्डला नगर के समीप ही ग्राम का रहने वाला है उसे भी इन लोगों ने जमींन समतल करने के नाम पर फांसा और फिर जब लाखों रूपये का भुगतान मांगा तो वह व्यक्ति डर गया लेकिन इन्होंने उसे जेल भेजने का डर दिखाया और घर से पासबुक मंगाकर लॉकडाउन के दौरान मोटरसायकिल में बीच में बैठाकर मण्डला से जबलपुर तक ले गये मोटरसायकिल में ये तीन लोग मण्डला से जबलपुर गये लेकिन कहीं भी किसी भी नाके में पुलिस ने न तो इन्हें रोका और न ही इनके बारे में पूछताछ की। यदि पुलिस सतर्क होती तो मामले का खुलासा मण्डला में ही हो जाता परिवार के लोगों ने तुरंत ही पुलिस को शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने मामले की गंभीरता को नहीं समझा और जब पैसे निकलने का मैसेज आया तो आनन-फानन में परिजनों ने जबलपुर सम्पर्क किया तब कहीं जाकर मोबाईल की लोकेशन के आधार पर यह ज्ञात हुआ कि बैंक से पैसे निकलवाकर उन्होंने पीड़ित को छोड़ दिया था।

## 490 बोरी चावल की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



*** नकली नम्बर प्लेट लगाकर की थी धोखाधड़ी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनाक 25.04.25 को वेयर हाऊस टिकरिया में माल लोडिंग तथा अनलोडिंग के लिए गाड़ी उपलब्ध कराने वाले कर्मचारी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रक क्रमांक एमपी 22एच 9060 का चालक बताकर 241 क्वींटल 490 बोरे चावल कीमत करीब 5 लाख रूपये लोड करवा लिया है उस पर विश्वास कर सुरक्षित वेयर हाऊस टिकरिया से अपनें ट्रक में चावल लोड कर बोरगाँव में गुलशन पालियोन्स जिला पांढूर्ना में खाली करना था किन्तु ट्रक चालक द्वारा मेरे साथ धोखाधड़ी कर चावल कीमती करीब 5 लाख रूपये को वेयर हाऊस टिकरिया से प्राप्त करके कर दिया गया है। जिससे थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 250/25 धारा 318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान थाना कोतवाली मंडला से टीम गठित कर आरोपियान की तलाश की गई जो प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी मकसूद पिता अब्दुल माबूत खान उम्र 37 साल निवासी गोपालगंज थाना लखनवाडा जिला सिवनी व अनीश खान पिता वजीद खान उम्र 45 निवासी गोपालगंज थाना लखनवाडा जिला सिवनी द्वारा सुनियोजित तरीके से ट्रक MP22H9060 में नकली नंबर प्लेट लगाकर घटना कारित किया है। जो आरोपियों के कब्जे से 490 बोरी चावल घटना में प्रयुक्त ट्रक को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक शफीक खान की टीम जिसमें उनि संजीव उईके, सउनि भुमेश्वर वामनकर, आर0 सुंदर भलावी, सायबर सेल आर० सूर्यचंद बघेल, सुरेश भटेरे शामिल रहे।

## आरसेटी मंडला में 30 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट आरसेटी) एवं जिला अजीविका मिशन मंडला के संयुक्त तत्वाधान में पुरुषों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आरसेटी मंडला में 30 दिवसीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल से 9 मई 2025 तक आयोजित किया गया जिसमें 46 पुरुषों ने नामांकन दर्ज किया। प्रशिक्षण के दौरान चार्जिंग कनेक्टर लगाना, कॉम्बो लगाना, बैटरी चैकिंग, मदर बोर्ड टेस्टिंग, डिस्प्ले बदलना, स्पीकर एवं माइक टेस्टिंग आदि के साथ ही मोबाइल संबंधित हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और उद्यमी विकास के विषय में भी बताया गया तथा प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन लिया गया। इस अवसर पर आर सेटी निर्देशक राजेश राय के द्वारा बैंक लोन एवं बीमा की जानकारी दी गई। साथ ही डी.पी.एम. श्री बी.डी. भैसारे ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने एवं उनके आगामी उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम में राजीव शर्मा, केके अवस्थी, यश मोहन उसराठे एवं अमित यादव, अमन पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## नारायणगंज में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन



*** जल गंगा संवर्धन अभियान एवं CMCLDP पाठ्यक्रम के कार्यों की हुई समीक्षा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी जी के द्वारा समीक्षा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया समीक्षा जो बिंदु रहे उन पर त्वरित कार्य करने के निर्देश जिला समन्वयक जी के द्वारा दिए गए नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति तथा परामर्शदाताओं की बिंदुबार पृथक पृथक समीक्षा की गई साथ ही विकासखंड समन्वयक श्री अनिल मेहरा जी के द्वारा विकासखंड स्तर पर समस्त कार्यों C M C L D P पाठ्यक्रम के सा मा जि क प्रयोगशाला ग्राम के प्रयासों को जिला समन्वयक के समझ प्रस्तुत किया गया।

बैठक में जिला समन्वयक के द्वारा निम्नानुसार निर्देश प्रदान किए :- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पोर्टल पर एंट्री के आधार पर, 5-5 एक्टिव समितियों का चयन कर बैठक की कार्य योजना तय करना, प्रदत्त कार्य प्रोजेक्ट वर्क की तैयारी की स्थिति अद्यतन करना आदि। बैठक में समस्त परामर्शदाता, नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**बैठक** | **पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक।**

# अवैध शराब, सट्टा, जुआ पर होगी कठोर कार्यवाही

*** अवैध खनन एवं भू-माफियाओं पर भी कसेगी नकेल।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 13.05.2025 को पुलिस नियंत्रण कक्ष, मंडला में पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा अपराध समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला, पुलिस अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी, डीएसपी, सभी थाना के थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त बैठक में लबिंत अपराधों, सीएम हेल्पलाईल की शिकायतों, नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिग पोर्टल, ई-रक्षक पर दर्ज की जानी वाली जानकारी, ई-एफआईआर एवं आईसीजेएस आदि की समीक्षा कर संबंधित को दिशा निर्देश दिये गये। थानावार गम्भीर अपराध नकबजनी, चोरी एवं धोखाधड़ी तथा महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं अपराधों कें निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये, सायबर अपराधो, नये कानुन के संबंध में जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने, थाने में लंबित स्थाई वारंटों की प्रथक-प्रथक फाईल तैयार कर अधिक से अधिक वारंटों की तामीली करें। सी.एम. हैल्प लाईन, वरिष्ठ कार्यालयों तथा जन सुनवाई, की शिकायतों की समीक्षा करते हुये आदेशित किया कि लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। अपराधी जिनके 2 या 2 से अधिक अपराध हैं, तथा सक्रीय गुण्डा बदमाश एवं चाकूबाज के विरूद्ध उनके अपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुये 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) एवं 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) कार्यवाही करते हुये जिनके द्वारा बंध पत्र का उल्लंघन किया गया है उन सभी के विरूद्ध धारा 141 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (122 जा.फौ.) के तहत कार्यवाही की जाये, आदतन अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं ऐसे अपराधी जिन्होनें जमानत पर रहते हुये अपराध घटित किये है उनके विरूद्ध प्रकरण तैयार कर मान्नीय न्यायालय में उनकी जमानत निरस्त कराये जाने हेतु प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नाबालिग गुम बालक / बालिकाओं के मामले में पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा कर लंबित धारा 363 भादवि/137 (2) बी.एन.एस. के प्रकरण में अपहृत अवयस्क बालक/बालिकाओं की हर सम्भव प्रयास कर दस्तयाबी करें।

### पुलिस अधीक्षक ने दिये निर्देश

तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग, CCTNS, ई-रक्षा ऐप एवं ICGS का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित किया जाए,रात्रिकालीन गश्त में ई-रक्षा ऐप की निगरानी अनिवार्य रूप से की जाए, फरार आरोपियों पर कठोर कार्रवाई, स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाएं, गंभीर अपराधों पर नियंत्रण अपराधों की त्वरित विवेचना कर शीघ्र गिरफ्तारी हो। हॉटस्पॉट क्षेत्रों में CCTV, पुलिस पाइंट एवं जनसहयोग से सुरक्षा बढ़ाई जाए, अपराधियों की निगरानी हिस्ट्रीशीट संधारण एवं धारा 110 CrPC अंतर्गत बाउण्ड ओवर कार्यवाही की जाए, जमानत पर रिहा अपराधियों पर सतत निगरानी रखी जाए, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, अवैध शराब, सट्टा, जुआ, मादक पदार्थ, अवैध खनन एवं भू-माफिया पर कठोर कार्यवाही हो, विशेष धार्मिक आयोजनों हेतु दिशा-निर्देश, सभी आयोजनों में पुलिस बल सुसज्जित एवं सतर्क स्थिति में उपस्थित रहे, संसाधनों की उपलब्धता ड्यूटी पर LED लाइट, टॉर्च, लाठी, सीटी, ब्रीथ एनालाइज़र, लाउड हेलर आदि उपकरण साथ रखें, उत्तम गुणवत्ता के रेडियमयुक्त बैरिकेट्स का प्रयोग हो। अनुशासन व उत्तरदायित्व गुंडागर्दी, चाकूबाजी व महिला से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं किसी भी दशा में न हों।

## पुलिस लाईन मंडला में किया बलवा ड्रिल का आयोजन

*** आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने भीड़ नियंत्रण उपकरणों/शस्त्रों से किया अभ्यास।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कानून व्यवस्था के दौरान किसी भी प्रकार की चुनौतियों से निपटने, आपातकालीन परिस्थितियों में स्थिति पर नियंत्रण रखने और समाज में भयमुक्त व सुदृढ़ वातावरण बनाने के लिए पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा पुलिस फोर्स को साप्ताहिक परेड के साथ-साथ मॉक ड्रिल, बलवा परेड आदि का अभ्यास कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के तहत मंडला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आज जनरल परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के भीड़ नियंत्रण उपकरणों जैसे आंसू गैस ग्रिनेट, चिली ग्रिनेट, इस्टन ग्रिनेट, डाई मार्कर ग्रिनेट, नॉर्मल सेल ग्रिनेट, सॉफ्ट नोज सेल एलआर/एसआर, इलेक्ट्रिक सेल ग्रिनेट आदि शस्त्रों को टीयर गैस गन एवं बज्र वाहन से चला कर अभ्यास किया गया। बलवा ड्रिल के माध्यम से पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के जरिए पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए कई तरीके सिखाए गए। दंगाइयों को रोकने के लिए उपकरणों का इस्तेमाल, टियर गैस के गोले दागना, भीड़ को तितर वितर करने के लिए स्मोक गैस का इस्तेमाल करना, दंगे के दौरान घायल लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना जैसे अभ्यास सिखाए गए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा नें बताया कि मंडला पुलिस का बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया है इस तरह के रिहर्सल हम समय-समय पर करते रहते हैं जिससे हमारी तैयारी में कोई कमी रहती है तो उसमें सुधार करने की कोशिश करते हैं ताकि कभी बलवा आदि की स्थिति निर्मित होती है तो हमें कैसे रिएक्ट करना है यह सिखाया जाता है। इस मौके पर रक्षित निरीक्षक सुनील नागवशी, थाना प्रभारी आरती धुर्वे, सुबेदार सहित जिला बल के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें। साथ ही बलवा ड्रिल में आपात स्थिती से निपटने हेतु ग्राम एवं नगर रक्षा समिती के सदस्यों को भी शामिल किया गया।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांश व विनायक ने किया अपने माता पिता का नाम रोशन




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** केन्द्रीय शिक्षा वोर्ड द्वारा बीते हुये दिवस सीबीएसई के कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। बताया जाता है कि कक्षा नगर के न्यू एज पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत तथा ग्राम सडूमर निवासी दिनेश कौरव के पुत्र विनायक कौरव ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की गई है। इसी प्रकार से नगर की एमपीईबी कालोनी निवासी एडवोकट विक्रांत कौरव के पुत्र दिव्यांश कौरव ने पी.एम. जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत रहते हुये 96 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता अर्जित करते हुये अपने माता पिता सहित समाज का नाम रोशन किया गया है।

### कांक्रीट मेटेरियल के दाम बढ़ने से हितग्राही परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जिस प्रकार से केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी जिससे निश्चित ही उन गरीबों के चेहरों पर मुस्कान आते हुए देखी जा रही थी जो कभी सपने में अपने कच्चे मकानों को तोड़कर पक्के बनाने की सोच भी नही सकते थें, मगर इस योजना ने कच्चे आवासों में रहने वाले गरीबों को जो रहात प्रदान की गई है निश्चित ही उल्लेखनीय मानी जा रही है। मगर जब इस योजना की शुरूआत हुई थी उस समय भवन निर्माण करने वाली हर सामग्री की कीमत उतनी नही थी जो वर्तमान में चल रही है, मगर लगातार बढ़ रही महंगाई के दौरान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित की गई राशि से वर्तमान समय में गरीबों को अपने आवासों का निर्माण कर पाना मुश्किल दिखाई देने लगा है। इस समय देखा जावे तो शहर में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आने वाल हितग्राहियों के आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है और हितग्राही इस काम के लिए मिली राशि से बारिश का मौसम आने के पहले अपने आशियानो का निर्माण करने के लिए उतावले होते हुए देखे जा रहे है किन्तु देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से लोहा, सीमेन्ट व रेत सहित अन्य निर्माण सामग्री के दामों में लगातार हो रहे इजाफे से गरीब परेशानी में पड़ने से नही चूक रहे है, जिसके चलते हितग्राहियों का कहना है कि मकान बनाने में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाले लोहे की कीमत में उछाल होने से जहां परेशानी हो रही है, वही दूसरी ओर शासन द्वारा निर्धारित की गई राशि में अपने आवासों का कार्य पूर्ण करना मुश्कि में आते हुए देखा जा रहा है।

### क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध रूप से पशुओं की तस्करी, प्रशासन मौन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि आस पास के कस्वा क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजारों के माध्यम से खुलेआम पशुओं की तस्करी होने की चर्चा आम होती जा रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगने वाले इस मवेशी बाजार में सैकड़ो की संख्या में पशु बिक्री के लिये आते जो कुछ ऐंसे भी पशु होते हैं जिसमें प्रमुख रूप से बैल जो कृषि योग्य नहीं होते व गायें जो दूध देना बंद कर देती हैं उन्हें कुछ दलालनुमा व्यक्ति ऐंसे पशुओं को दलाल कसाईयों को दोगुनी कीमत के माध्यम से पशु मालिकों से खरीदवा देते हैं और पशु मालिक भी थोड़े से पैसों के लालच में जिन्दगी भर घी दूध देने वाली गायों व गर्मी धूप व बरसात के मौसम में मेहनत कर कमाई खिलाने वाले बैलों को इन कसाईयों के हवाले कर देते हैं। जनचर्चाओं में तो यह तक बताया जाता है कि बाजार के दिन बाहर से आने वाले इन कसाईयों के कुछ दलाल गाँव गाँव घूमकर इस प्रकार के बूढ़े पशुओं की खोज करते हुये पशु मालिकों को उन्हें बेचने के लिये उकसाते हुये देखा जा सकता हैं और इन दलालों की बातों में आकर पशु मालिकों का भी लोभ लग जाता है और यह बाजारों में उन पशुओं को लाते हैं।

# घोषणा तक सीमित होकर रह गई सांईखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र की बम्हौरी कला पुलिस चौकी, स्थापना के नाम पर भवन पुताई के बाद आज तक नहीं ली गई किसी भी अधिकारी ने खोज खबर ..?





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** प्रदेश से लेकर जिला में ग्रामीण क्षेत्रों की कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिये जहां आये दिन नये नये पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों की घोषणा करते हुये वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को बैठाये जाने की बात तो कही जा रही है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होने से नही चूक पा रही है..? कुछ इसी प्रकार से प्रदेश शासन द्वारा नई चौकियों की स्थापना की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुछ वर्ष पहले दो नई पुलिस चौकी स्थापना की घोषणा होने के बाद जब यह खबर अखबारों में आई हुई थी तो लोगों में इस बात की खुशी थी कि निश्चित तौर से हमारे क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार देखने मिलेगा मगर वह घोषणा आज भी घोषणा तक ही सीमित होते हुये जान पड़ रही है। कुछ वर्ष पहले गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लिये नई पुलिस चौकी स्थापित होने की घोषणा के अनुसार बताया जाता है कि डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर तथा सांईखेडा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी में नई पुलिस चौकी स्थापित होना थी। इन चौकियों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो ग्राम कल्याणपुर में नई पुलिस चौकी की स्थापना को लेकर शुरूआत तो हो चुकी है। मगर यही पर काम करने के लिये डोगरगांव पुलिस थाने में पदस्थ कभी किसी ए एस आई तो कभी किसी हबलादार को भेज दिया जाता है जो अपनी चौकी को खुलने की औपचारिकता पूर्ण कर ली जाती है। यहां पर अभी तक न तो विधिवत रूप से पुलिस चौकी का निर्माण हुआ है और न ही पुलिस लाईन से चौकी प्रभारी के रूप में किसी पुलिस अधिकारी को नियुक्त किया गया है। वही दूसरी ओर इससे बुरा हाल सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाली बम्हौरी कला पुलिस चौकी का देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि घोषणा के कुछ दिनों के उपरांत यहां पर पुलिस चौकी स्थापना को लेकर हलचले तो शुरू हुई थी जिसके चलते ग्राम बम्हौरी में चौकी स्थापना को लेकर एक भवन का रंग रोगन करते हुये उसे उसी हाल में छोड़ देने के कारण जहां पुलिस चौकी के नाम से सजे हुये इस भवन में गंदगी का अम्बार देखने मिल रहा है जो सरकार के स्वच्छता अभियान को ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर ग्रामवासियों ने चर्चा के दौरान बताया गया आज तक यहां पर न तो कोई अधिकारी आया है और न ही कोई कर्मचारी सिर्फ कुछ साल पहले यहां पर पुलिस चौकी के नाम पर एक भवन की पुताई कराते हुये छोड़ दिया गया है? इस सच्चाई को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शासन पुलिस चौकियों की स्थापना की घोषणा मात्र मंच तक ही सीमित होकर रह चुकी है? हो सकता है कि पुलिस विभाग के कागजों में यह पुलिस चौकिया पूरे नियम से संचालित होने के साथ साथ यहां पर पदस्थ अधिकारी अपने मुख्यालय के कार्यालयों में बैठकर सेलरी प्राप्त कर रहे हो.. खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो पुलिस विभाग व भगवान ही जाने? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिले के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा निष्ठा के साथ प्रयास किये गये होते तो यह पुलिस चौकी अपने आस्तित्व में आ चुकी होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराधों में गिराबट देखने मिल सकती थी। ऐसा नही है कि पुलिस विभाग में इन चौकियों का संचालन करने के लिये अधिकारियों की कमी है। क्योंकि अनेक टीआई से लेकर एस आई स्तर के अधिकारी पुलिस लाईन में थानों से लेकर पुलिस चौकियों में नैनाती के लिये प्रयास करते हुये देखे जा रहे है। मगर इसके बाद भी इन चौकियों में अधिकारियों की नियुक्ति की जगह लटकते हुये ताले अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की निष्ठावन कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहे है? क्योंकि इस समय जिस तरह जिले की कानून व्यवस्था को भगवान भरोसे चलते हुये देखा जा रहा है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद अब क्षेत्र की जनता को जिम्मेदारों द्वारा अपने हाल पर छोड़ने का मन बना लिया गया है और इसी का परिणाम है कि जहां गांव गांव खुलेआम अवैध शराब से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो को बाजार गर्म होने के कारण अवैधानिक कृत्यों में लिप्त रहने वाले आरोपी पुलिस की उदासीनता कही जावे गया फिर मिलीभगत के चलते जहां अपराधों में इजाफा होते हुये दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर अंकों के बाजार ने शहरों की बात तो दूर गांवों में भी अपनी इतनी पकड़ बना डाली है कि गांव गांव सट्टे का अवैध कारोबार चलते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है..? क्षेत्र का शायद ही ऐसा कोई गांव शेष दिखाई दे रहा होगा जहां पर अंको के बाजीगर अपनी कलाबाजी दिखाने में पीछे दिखाई दे रहे हो..? यह बात अलग है कि जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा कानूनी सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिये आये दिन जहां तहां अस्थाई चौकियों की स्थापना के फीता काटते हुये जरूर अखबारों की शोभा बढ़ाते हुये देखा जाता है। मगर स्थाई रूप से घोषित की गई चौकियाँ आज भी शुरूआत की बांट जोहते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। क्योंकि राज्य शासन ने गाडरवारा तहसील क्षेत्र के चलते कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने की सोच के चलते डोगरगांव पुलिस थाने के ग्राम कल्याणपर तथा सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी कला में नई पुलिस चौकियों की स्थापना की गई है। मगर जिम्मेदार अधिकारियों लेकर जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद गृह विभाग द्वारा घोषित की गई इन पुलिस चौकियों की घोषणा सिर्फ मंच तक ही सीमित होकर रह जावेगी..?

### सालीचौका क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नशे के काले कारोबार चपेट में आ रही युवा पीढ़ी, शौकीनों का महानगरों की तर्ज पर बदल रहा स्वरूप

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों सालीचौका क्षेत्र की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि जहां गांव गांव अवैध शराब की बिक्री होना आम बात हो चुकी है तो दूसरी ओर अन्य प्रकार के मादक पदार्थ भी इस क्षेत्र में अपनी गति पकड़ने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। युवाओं में महानगरों की तर्ज पर नशे के स्वरूप को बदलते हुये देखा जाने लगा है..? बताया जाता है कि शराब के बाद क्षेत्र में अन्य नशीली चीजो की बिक्री में इजाफा होने से युवा पीढ़ी बर्बाद होने की कगार पर आने लगी है? आसानी से मिलने वाली महॅगी सिगरेटो के फूॅकने के दौरान युवाओं, किशोरो का लगभग नियमित मदिरा पान करने से घरो का माहौल बिगड़नें की जहां शुरूआत हो गयी है। वही शहरवासी भी शहर के युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आने लगे है। भरोसे मंद सूत्रो के अनुसार इन दिनों नशे के कारोबार में नया मोड़ आ गया है तथा तत्वो द्वारा स्मैक तथा अन्य ऐसे नशीले पदार्थ भी बेचे जाने लगे है? जिनका उपयोग युवाओं के घातक है। मगर इसके बाद भी बताया जात है कि इन पदार्थो का पहली बार प्रयोग करने के बाद गरीब, युवा इसके आदी हो जाते है और इन नशीली चीजो के न मिलने से उनका शरीर छटपटाने लगता है। विदित हुआ है कि आजकल युवक बेधड़क नशीली दवाओं व इंजेक्शनों का इस्तेमाल कर रहे है और कथित तौर पर नशा करने के लिए उनकी तरफ डबल रोटी के स्लाईस पर आयोडेक्स भी खाया जा रहा है..? जागरूक क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शायद पुलिस लिखा पढ़ी सें बचने नशे के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने प्रयास नही कर रही है, जिसका नतीजा है कि नशीली चीजें बिकने से नगर का वातावरण खराब होने के साथ अधिकतर वे युवा बर्बादी की राह पर कदम बढ़ा रहे है

## अधिकारियों की मिलीभगत के चलते गांव गांव झोपड़ीनुमा भवनों में खुल रही शिक्षण संस्थाओं में किया जा रहा नियमों को अनदेखा, शिक्षा के नाम पर धड़ल्ले से किया जा रहा है अभिभावकों का आर्थिक शोषण..

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

म.प्र.सरकार गांवों के शासकीय स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देकर बच्चों को उनमें अध्ययन करने के लिए आकर्षित कर रही है। मगर जिन शासकीय शालाओं में शिक्षक नहीं है, उनमें योग्य शिक्षक, अतिथि शिक्षक, संविदा शिक्षक भेजे जा रहे है। वही दूसरी ओर छात्र छात्राओं को गणवेश से लेकर साईकिलों के साथ साथ छात्रवृति सहित भोजन व निःशुल्क पुस्तके भी दी जा रही हैं। किन्तु आश्चर्य का विषय है कि शहर के तरह ग्रामों के अभिभावकों पर भी अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने का जिस प्रकार से जुनून छा रहा है, उसका नतीजा है कि गांवों में भी अब अंग्रेजी माध्यम की धड़ल्ले से निजी शालाएं खुलती चली जा रही है जहां पर खुलेआम शासन द्वारा निर्धारित किये गये मापदंडो को दर किनारे करते हुए मनमानी फीस बसूली जा रही है। इस तरह गांव गांव खोली जा रही शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते झोपडीनुमा मकानों व किराये के भवनों में बच्चों की सुविधाओं को दर किनार करते हुये खोली जा रही इन शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है..? क्योंकि शिक्षा विभााग के नियम के अनुसार बताया जाता है कि किसी भी शिक्षण संस्था का संचालन करने के लिये खेल मैदान सहित खुद का भवन होने के आलवा बच्चों को बैठने के लिये हवा प्रवेश करने वाले कमरे व शौचालय से लेकर शुद्व पीने के पानी की व्यवस्था होना जरूरी होता है। मगर गांव गांव खुल रही इन संस्थाओं में यह जरूरी सुविधाये कोसो दूर तक दिखाई न देने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये इन शिक्षण संस्थाओं को लक्ष्मी पूजन के आधार पर अनुमति प्रदान किये जाने से मासूम के भविष्य पर ग्रहण लगने से नही चूक रहा है..? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि जब शिक्षा शत्र की शुरूआत होती है तो प्रवेश लेने वाले बच्चों को सीट फुल होने का भय दिखाते हुए अधिक डोनेशन प्राप्त करने का फंडा अपनाया जाता है? जिसके चलते देखा जा रहा है कि आने वाले अप्रैल माह में नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हो चुकी है जिसके चलते स्कूलों द्वारा जिसके चलते इन स्कूलों द्वारा जहां तहां बैनर पोस्टर लगाते हुये अभिभावकों को लुभाने की शुरू कर भी करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? गौरतलब है कि अंग्रेजियत में डूबी इन निजी शालाओं की फीस महंगी तो होती ही है इसके अलावा इनमें पढ़ने वाले बच्चों से डोनेशन और अन्य मदों में राशि की बसूली कर अभिभावकों को आर्थिक शोषण किया जाता है..?अनेक निजी शालाएं तो ऐसी भी रहती है जो स्थापना के निर्धारित माप दंडों पर खरी नहीं होती, इनके पास न तो व्यवस्थित खेल मैदान होता और न ही पुस्तकालय, प्रयोग शालाा तथा अन्य सुविधाएं रहती है, वही पढ़ाने वाले शिक्षको की स्थिति देखी जावे तो वह खुद अग्रेजी नही




जानते है। मगर बच्चों को अग्रेजी पढ़ाने की बात करते है और जिन गांवों के अधिकांश निवासी ए बी सी डी नही जानते है और उनमें नेटवर्क फैलाकर ये निजी स्कूल अंग्रेजी शिक्षा का महत्व बताकर अभिभावकों को जाल में फंसा लेते है और बच्चों के दाखिले के बाद शुरू हो जाती है वह अभिभावकोंके शोषण की कहानी जिसका पूरे साल अंत नहीं होता? उल्लेखनीय है कि महंगाई के इस दौर में किताबों, कापियों, बच्चों को गणवेश तथा अन्य शालेय सामग्री के दामों में इजाफा होने से बैसे ही बच्चों को शिक्षित कराने में अभिभावक परेशान रहते है। इस तरह गांवों में आयी निजी स्कूलों की बाढ़ से शिक्षा-व्यवस्था और गड़बड़ होती चली जा रही है। इस सब में मजेदार तथ्य है कि जहां एक तरफ अंग्रेजी मीडियम स्कूल चमचमाते इश्तहार तथा विज्ञापन प्रकाशित कर शासकीय स्कूलों से अभिभावकों को मोह भंग करते हुए अपना तामझाम फैला रहे है। वही जिले के शिक्षा विभाग की तरफ से शासकीय शालाओं की व्यवस्थाओं के संबंध में ऐसा कोई प्रचार अभियान नहीं चलाया जा रहा है, जो शासकीय शालाओं के प्रति अभिभावकों में अनुराग जाग सके। इस तरह इस समय देखा जा रहा है कि गांव गांव खुल रही निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा शिक्षकों को लगातार लोगों के घरो घरो भेजकर सर्वे कराते हुये बच्चों को अपने स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिये प्रेरित करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि प्रशासन तंत्र में बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इन स्कूलों की सच्चाई को जिस तरह नजर अंदाज करते हुये आंखे बंद की जा रही है इसी का परिणाम है कि गांव गांव फैल रहे निजी स्कूलों के मायाजाल में ग्रामीण फंसने से नही चूक रहे है..?

# न्यू एज पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया जिला स्तरीय डीएलडी वर्कशाप का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ उनके भविष्य में जरूरी जानकारियों से अवगत कराये जाने की सोच रखने वाले नगर के प्रसिद्व अंग्रेजी माध्यम स्कूल न्यू एज पब्लिक स्कूल द्वारा बीते हुये दिनों एक प्रेरणादायक एसटीईएम (Science, Technology, Engineering, Mathematics) डीएलएडी जिला स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्ष 2025-26 सीबीएसइ के वार्षिक थीम एसटीईएम एजुकेशन को ध्यान में रखते हुये जिले में न्यू एज पब्लिक स्कूल को लीड स्कूल चुना गया है। इस वर्कशॉप



का उद्वेश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से अवगत कराना और उनके भीतर नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। बताया जाता है कि इस वर्कशॉप में जिले के सभी सीबीएसई विद्यालयों ने भाग लिया और स्टेम शिक्षा की मूलभूत अवधाराणाओं को व्यावहारिक रूप से सीखा। प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार हम अपने छात्रों को ग्लोबल स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिये सक्षम बनाये। प्रशिक्षण के अंत में राष्ट्रगान आयोजित किया गया। बताया जाता है कि यह कार्यक्रम में डी टी सी श्रीमति तुलसी सक्सेना के सहयोग से आयोजित किया गया। न्यू एज पब्लिक स्कूल की संचालिका श्रीमति आशा शाह, श्रीमति आयुषी शाह तथा प्राचार्य मधुकांत श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये आये हुये प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया।

### किसानों को सिंचाई के लिये मिल रही महज चंद घंटे बिजली, इस स्थिति में कैसे उबर पायेगी अन्नदाता की जिन्दगी

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस बात से इंकार जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपने बिलों की बसूली न की जावे वह तो बिजली बिलों की बसूली करने में कोई कसर न छोड़े मगर किसानों को बिजली भी तो उपलब्ध कराई जावे बगैर बिजली दिये हुये बिलों की बसूली क्या उचित है? क्योंकि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा किसानों से बिलों की बसूली तो लगातार की जा रही है मगर उन्हें मात्र चंद घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने से वह अपनी जिन्दगी कैसे संभाल पायेगे। क्योंकि गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कौड़िया, सिहोरा, सडूमर, भौरझिर सहित आसपास के अनेक गांवों के किसानो को सिचाई के लिये महज चंद घंटे बिजली ही नसीब हो रही हे इससे अंदाजा लगाया जा सकता हे की किसान कैसे अपनी फसलो की सिचाई कर पाते होगे इन ग्रामो के किसानो का कहना हे की उनके क्षेत्र की बिजली सफलाई जोड़ी गयी हे जो काफी लम्बी दुरी तय करती है जिसमें आये दिन खराबी होने के कारण बंद होने के बाद सुधार नही हो पाता है। वही बताया गया हे की रात में बमुश्किल चंद घंटे ही सिचाई के लिये बिजली मिल पाती हे जिससे खेत की एक शिफ्ट भी पूरी तरह से सिचाई नही हो पाती है जिसके चलते खेतो में खड़ी हुई मूंग फसल खराब होने से नही बच पा रही है। यहां के अनेक किसानो ने अपनी जानकारी में बताया की दिन में भी इसी तरह के हालात बनते है

### नाम परिवर्तन सूचना

विनय चौरसिया आ. शम्भूदयाल चौरसिया निवासी ग्राम बारह बडा, तह. गाडरवारा व जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विनय चौरसिया लिखा हुआ है तथा पोस्ट आफिस से ली गई बीमा पॉलिसी में मेरा नाम विनयकांत चौरसिया लिखा हुआ है। जबकि मैं विनय चौरसिया एवं विनयकांत चौरसिया मुझ शपथकर्ता के ही नाम है इस नाम से अन्य कोई व्यक्ति नही है तथा उक्त दोनों नामों से मुझे जाना पहचाना जाता है। उक्त दोनों नामों के संबंध में होने वाली किसी भी प्रकार की भ्रांति को दूर करने के लिये शपथ पत्र के माध्यम से यह आम सूचना प्रकाशित कराई गई है।

शपथकर्ता
विनय चौरसिया आ. शम्भूदयाल चौरसिया
ग्राम बारहा बडा, तह. गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

# गांव की सड़कों पर फैल रहा नालियों के गंदे पानी सहित कीचड़ का साम्राज्य कैसे जीत पायेंगे कोरोना से जंग

**हरिभूमि न्यूज/नांदनेर।**

जहां एक ओर शासन द्वारा लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए गांव गांवो पक्के शौचालयों का निर्माण कराने के साथ साथ स्वच्छता के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च किये जा रहे है। वही दूसरी ओर देश प्रदेश में कोरोना महामारी फिर एक बार बढ़ते हुये क्रम में दिखाई देने के साथ आम लोगों को दहशत में डालने से नही चूक रही है। मगर वही दूसरी ओर गांवों की सड़को पर जिस प्रकार से बह रहे गंदे पानी के कारण गांवों में गंदगी का आलम देखने मिल रहा है उसके चलते शासन द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता की मुहिम को पंचायत द्वारा ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस सच्चाई को देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि सिर्फ शौचालय बनबाने से क्या स्वच्छ भारत का सपना पूरा हो जायेगा? इस बात की सच्चाई इस समय



जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिल रही है जहां पर गांव की मुख्य सड़कों पर जिस प्रकार से कीचड़ का साम्राज्य फैला हुआ है उसको देखते हुये जहां पंचायत की कार्य प्रणाली उजागर होने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर ग्रामवासियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये भी देखा जा रहा है। बताया जाता है कि इन दिनों गांव के मुख्य मार्ग में गंदगी, कीचड़ व्याप्त होने से लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार से गांव के मुख्य सड़क पर बह रहा नालियों का गंदा पानी सहित कीचड़ का साम्राज्य होने कारण आमजन को निकलना मुश्किल हो रहा है, जिसके चलते ग्रामवासियों का कहना है कि गांव में कीचड़ व्याप्त होने की समस्या से पूर्व में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया किंतु अभी तक इस समस्या को हल कराने में रूचि नही दिखायी, जिसका नतीजा है कि ग्रामवासियों को वर्तमान में कीचड़ युक्त रास्तों पर चलने मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरा रहने के कारण अनेक प्रकार के मच्छर भी जन्म ले रहे है, जिसके चलते बीमारियाँ फैलने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है?






## खबर संक्षेप

### शादी समारोह के दौरान 5 वर्षीय बच्चे का अपहरण

5 दिन बाद 2 सौ मीटर दूर झाड़ियों में निर्वस्त्र मिला शव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत 8 मई की रात हनुमान दफाई में शादी समारोह के दौरान 5 वर्षीय मासूम अनुराग कोल के अपहरण के 5 दिन बाद मंगलवार की सुबह घर से 200 मीटर दूर झाड़ियां में शव पाया गया। निर्वस्त्र हालत में मिले बच्चे के शव की खबर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बच्चे के शव से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण पता चल सका। घटना की सूचना पर एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी संजय खलको सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले के पर्दाफाश में जुट गई।

**हत्या की संभावना पर फोरेंसिक जांच**

नग्न अवस्था में मिले मासूम की लाश से प्रथम दृष्टया हत्या की संभावना ज़्यादा लग रही है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड के द्वारा निरीक्षण कर अहम सुराग जुटाए गए। मृतक के कपड़े, घटनास्थल की मिट्टी सहित अन्य सामग्री भी जप्त की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी बिंदुओं को लेकर जांच की जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि करनपठार थाना अंतर्गत तुलरा गांव में रहने वाले कमलेश कोल का पुत्र अनुराग अपने बड़े पिता रामकलेश के साथ रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने भालूमाडा हनुमान दफाई आया था। 8 मई गुरुवार के दिन जब सब कोई बारात की आग़वानी में जुटे हुए थे। उसी दौरान घर के आंगन में सो रहे बच्चे का रहस्यमय ढंग से अपहरण कर लिया गया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अपहरण की धारा 137 (2) पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी।

### मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का अभ्यास वर्ग कल्याण आश्रम अमरकंटक में संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रांतीय अभ्यास वर्ग 9 से 12 मई तक कल्याण आश्रम अमरकंटक के सभागार में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के संयोजक महेंद्र त्रिपाठी एवं सहसंयोजक अनिल कुमार सिंह एवं अरुण कुमार मिश्रा रहे। अध्यक्ष सहित पूरी संभागीय कार्यकारिणी तीनों जिलों शहडोल उमरिया एवं अनूपपुर के अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी कार्यक्रम में आयोजन सदस्य की समान सहभागिता थी। कार्यक्रम निर्धारित विभिन्न निर्धारित सत्रों में संपन्न हुआ कार्यक्रम में एबीआरएसएम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर भाई साहब उपस्थित रहे साथ ही एबीआरएसएम से छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा के संयोजक आरडी शर्मा एवीआरएसएम के कोषाध्यक्ष संजय रावत जी एबीआरएसएम की उपाध्यक्ष मोहन पुरोहित ए बीआरएसएम के क्षेत्रीय प्रमुख गिरीश अग्निहोत्री मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ के सहसंयोजक लखीराम इंगले उपस्थित होकर विभिन्न शास्त्रों में अपना मार्गदर्शन दिया। तीन दिवस के 14 सत्रो में मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ एक राष्ट्र एक चुनाव भारतीय नारी शक्ति का सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण संगठन के उद्देश्य संगठन की सदस्य संख्या पंच परिवर्तन अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई संगठन द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान शाल श्रीफल के साथ-साथ प्रतीक चिन्ह मोमेंटो के रूप में नर्मदा मां की प्रतिमा सभी अतिथियों को भेंट की गई। प्रदेश भर से आए हुए 300 कार्यकर्ता साथियों को एक जैसा भगवा अंग वस्त्र प्रदान किया गया समापन अवसर पर सभी आए हुए अतिथि एवं शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियों के द्वारा अभ्यास वर्ग को ऐतिहासिक अविस्मरणीय एवं अद्भुत बताया। इसके साथ-साथ सभी संभाग के आयोजन समिति के साथियों की सभी के द्वारा प्रशंसा की गई आयोजन समिति के संयोजक सहसंयोजक प्रदेश सेवा आयाम प्रमुख तीनों जिलों के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं समस्त जिला कार्यकारिणी तहसील ब्लाक नगर जो सभी आयोजन समिति के सदस्य थे संभाग की आयोजन समिति प्रदेश से आए हुए सभी पदाधिकारी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं 300 से अधिक संख्या में आए हुए सभी प्रतिभागियों का समिति आभार व्यक्त किया।

## आईडीसीएस इंडिया ने 5 जिलों में किया खेल

# निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी

**निवेशक की शिकायत पर करोड़ों की ठगी का खुलासा, अनूपपुर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी, मालिक सहित कैशियर गिरफ्तार**

**आखिर किसके संरक्षण में डिंडोरी शहर में खुला लग्जरी ऑफिस, निवेशकों से ठगी का जिम्मेदार कौन...?**

आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिला लंबे समय से ठगों के निशाने पर रहा है, बात चाहे चिटफंड कंपनियों की हो या फिर नौकरी के नाम पर बेरोज़गारो से ठगी की हो... या फिर जल्द फायदे का सब्जबाग दिखाकर लोगों से सायबर ठगी के मामलें हो .. पीड़ित कभी शिकायत करने आगे नहीं आते हैं।

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी ।


जमा राशि दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों का निवेश, आईडीसीएस इंडिया पर उठ रहे सवाल..?
कलेक्टर ने कहा अवैधानिक वित्तीय संस्थान संचालकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई
सेबी में गैर पंजीकृत नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहा आईडीसीएस इंडिया चिटफंड कंपनियों की तर्ज पर क्या निवेशकों को लगेगा करोड़ों का फटका
निवेशकों को राशि दोगुना करने का सब्जबाग दिखा कर करा रहे निवेश..?
इनका कहना है..









फर्जी कंपनी आईडीसीएस इंडिया बैंक के संचालकों ने डिंडौरी में भी बड़ी ठगी को अंजाम दिया है, सूत्रों की माने तो कम से कम 4 करोड़ रुपए डिंडोरी शाखा में निवेशकों ने जमा कराए थे।

डिजिटल युग और सूचना क्रांति के दौर में जब नगर के मध्य में स्थित आलीशान भवन में भव्य कार्यालय संचालित कर बेखौफ फर्जी बैंक संचालन किया जा रहा था लेकिन शासन प्रशासन को कंपनी के वैधता और बैंकिंग लायसेंस सहित आरबीआई के गाइडलाइंस की जानकारी ही नहीं लगी, जिला मुख्यालय में करोड़ों की वित्तीय गतिविधियों पर शासन के खुफिया तंत्र, बैंकिंग तंत्र और जनता के हितों के संरक्षकों को भनक तक नहीं लगी और करोड़ों रुपए ठगी का कारोबार हो गया..यह जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर बड़ा सवाल है..?

एफडी और जमा धन में मोटा मुनाफा कमाने दावा करने वाली आईडीसीएस इंडिया कंपनी के कर्ता धर्ता आखिरकार ऑफिस में ताला लगाकर रफूचक्कर हो गए है, डिंडोरी में चल रहे फर्जी वित्तीय गतिविधियों को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन को आगाह किया गया था लेकिन स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच या आईडीसीएस संस्था की वैधता जांचने तक की कोशिश नहीं की ।

**अनूपपुर पुलिस ने कसा शिकंजा, 22 वर्षीय सीईओ योगेश श्रीवास सहित केशियर गिरफ्तार**

मध्यप्रदेश के पांच जिलों में चल रहे एक बड़े फाइनेंशियल फ्रॉड का खुलासा अनूपपुर पुलिस ने किया है। आईडीसीएस इंडिया नामक फर्जी बैंकिंग संस्था ने लोन और फिक्स्ड डिपॉजिट के नाम पर निवेशकों से करोड़ों रुपये हड़प लिए। ठगी के इस जाल में करीब 81 निवेशक फंसे। पुलिस ने सीईओ योगेश श्रीवास और ब्रांच मैनेजर दीपक उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अब और भी गिरफ्तारियां संभव हैं।

**फाइनेंशियल जाल में फंसे 81 निवेशक**

अनूपपुर निवासी अभिजीत सिंह की शिकायत से मामले उजागर हुआ। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर टीम गठित की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी योगेश श्रीवास आईडीसीएस इंडिया लिमिटेड के नाम से लोन और फिक्स्ड डिपॉजिट के नाम पर मोटा ब्याज देने का झांसा देकर निवेश कराता था। अनूपपुर के अलावा डिंडोरी, अनूपपुर, मंडला, बालाघाट, इंदौर, में भी संस्था ने दफ्तर खोल रखे थे।

**फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को दिया ज्यादा ब्याज का झांसा**

प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि 13 अक्टूबर 2023 को योगेश श्रीवास ने फाइनेंशियल कंसल्टेंसी पर्सनल बिजनेस और होम लोन सपोर्ट का काम किए जाने के लिए आईडीसीएस इंडिया नाम से जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन कराया एवं कंपनी का पेन नम्बर प्राप्त किया। साथ ही कॉर्पोरेट मंत्रालय से इसका रजिस्ट्रेशन कराया गया। कंपनी को केवल वित्तीय परामर्श देने की अनुमति थी, लेकिन आरोपियों ने निवेशकों से आईडीसीएस इंडिया का स्टेट बैंक ऑफ मारीसस से अनुबंधित होने के फर्जी दस्तावेज तैयार कर ऊंची ब्याज दर का लालच देकर फिक्स डिपाजिट कराई। योगेश श्रीवास निवासी मण्डला ने पहले डिण्डौरी में इसके उपरांत मण्डला, बालाघाट, अनूपपुर एवं इन्दौर जिलो में विभिन्न स्थानों पर किराए से भवन लेकर आफिस खोले।

**जब्त किए गए बैंक से संबंधित दस्तावेज**

शनिवार की शाम पुलिस ने आईडीसीएस इंडिया के कार्यालय की तलाशी में एफ.डी. एवं लोन के कई दस्तावेज स्मार्ट फोन, 5 लैपटाप, 2 प्रिन्टर, बैंक चेक, स्टेट बैंक आफ मारीसिस के फर्जी तैयार बैकिंग फार्म विभिन्न बिल, स्टेशनरी सामान जब्त किए। अभी तक की विवेचना में 81 निवेशकों से कुल 1 करोड़ 51 लाख रूपए धोखाधड़ी कर अर्जित किये जाने के रिकार्ड पुलिस को मिले हैं। मुख्य आरोपी योगेश श्रीवास ने निवेशकों की गाढी कमाई से प्राप्त धनराशि से 20 लाख रूपए की महंगी लक्जरी कार, साढ़े तीन लाख रूपए की मोटर सायकल, पांच लाख रूपए के सोने के जेवरात, मण्डला में पचास लाख रूपए का आवासीय प्लाट खरीद चुका है। इन्हें जब्त करने की कार्रवाई में पुलिस जुटी है। साथ ही निवेशको से अर्जित धनराशि से ही अनूपपुर सहित डिण्डौरी, मण्डला, बालाघाट एवं इन्दौर में किराए के कार्यालय में महंगा आफिस सेटअप तैयार करना बताया गया। पुलिस ने आरोपियो के सभी एकाउंट सीज करा दिए हैं।

**53 लोगों को नौकरी पर रखा, वेतन भी नहीं दिया**

आरोपियों ने फर्जी बैंक का संचालन पांच जिलों में प्रारंभ किया और यहां बैंक स्टाफ के रूप में 53 लोगों की नियुक्ति की। जिनकी नियुक्ति की गई उन्हें भी यह नहीं बताया गया कि यह बैंक फर्जी है और उन्हें कुछ दिनों में वेतन मिल जाने की बात कहकर कार्य लेते रहे।

**इनका कहना है......**

मैने पहले ही जिला प्रशासन को आगाह किया था कि डिंडोरी में फर्जी कंपनी सक्रिय हैं, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, अब जानकारी आ रही है कि आईडीसीएस इंडिया कंपनी ने निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी की है। प्रशासन को ठगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए निवेशकों का पैसा वापिस कराना चाहिए।

**ओमकार सिंह मरकाम**
**विधायक डिंडोरी**

## दो मोटर साइकिल टकराई एक युवक की हुई मौत

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्का में दो मोटरसाइकिल टकरा गई। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक पक्ष के तिलक सिंह सैयाम पिता बोध सिंह सैयाम उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम मुढियाकला थाना शाहपुर जिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं सोमवार को रात में खाना खाकर घर में सोया था। रात करीब 10.15 बजे मेरी रिश्ते की भाभी ने मुझे घर पर आकर बताया कि किसी ने मुझे पति के फोन से सूचना दिया है कि पहल सिंह मरावी का सक्का के पास एक्सीडेंट हो गया है। तब मैं एवं भाभी व रिश्ते के भाई अनूप सिंह वालरे के साथ मौके पर जाकर देखे तो मेरा रिश्ते का भाई पहल सिंह पिता तोप सिंह मरावी उम्र 39 वर्ष निवासी मुढियाकला ग्राम सक्का में डिंडौरी मंडला मेन रोड में बजरंग मंदिर के सामने बीच में घायल व बेहोशी की अवस्था में पडे थे। आसपास काफी भीड लगी थी। भैया की मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 52 एमए 2989 वहीं पर पडी थी व एक अपाचे मोटर साईकल क्रमांक एमपी 52 जेडए 7757 भी वहीं पर पडी थी। जानकारी लेने पर पता चला कि पहल सिंह अपने साथी गेंद लाल यादव निवासी मुढियाकला को साथ लेकर अपनी मोटर साईकल से मुढिया कला से सक्का आये थे। सक्का से वापस मुढियाकला आते समय सक्का में डिंडौरी मंडला मेन रोड बजरंग मंदिर के सामने रात करीब 10 बजे डिंडौरी रोड तरफ से आ रहे अपाचे वाहन क्रमांक एमपी 52 जेडए 7757 के चालक द्वारा मोटर साईकल को लापरवाही पूर्वक टक्कर मार दी, जिससे पहल सिंह और गेंद सिंह मोटर साईकल सहित गिर गये। दुर्घटना के बाद गेंद लाल यादव मौके पर नहीं मिला कहीं चला गया है। पहल सिंह व अपाचे मोटर साईकल सवार घायलों को 108 एम्बुलेंस सहायता से जिला चिकित्सालय में लाया गया। डाक्टर ने पहल सिंह का परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### परसवार में रामवती शुक्ला के मकान में संगीतमय श्रीमद्भागवत का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 6 से 14 मई तक न्यू पालीटेक्निक कालेज के पास परसवार मे कथा स्रोता श्रीमती रामवती शुक्ला के मकान मे श्रीमद् भागवत कथा हुआ जिसमे बडी संख्या मे श्रोता व श्रद्धालु उमडे। कथा का समापन 14 मई को हवन, पूर्णाहुति, भण्डारा व स्वरूचिभोज के साथ ही आयुष व आदित्य के उपनयन संस्कार के साथ हुआ। आशुतोष शुक्ला चंदन, शरदचन्द्र शुक्ला निरंजन व अतिरथ शुक्ला दीपू ने बताया कि कथा व्यास श्री रामदुलारे पाठक जी वेद व्याकरणाचार्य शिवधाम पवई पन्ना द्वारा बेहद सरल व सहज तरीके से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया गया।

## जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण, भीषण गर्मी में जल स्त्रोत सूखने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी ।





जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झनकी व बघाटोला के. सैकड़ों नागरिक इन दिनों जलसंकट के भयावह स्थिति से सामना करने मजबूर हैं। यहां पानी के जितने भी साधन है फिलहाल उनमें आधे से ज्यादा खराब पड़े हैं ,या तो इनमें पानी नहीं बचा ऐसे में लोग बूंद बूंद के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की मानें तो मई माह में प्राकृतिक जलस्त्रोतों में उतना पानी नहीं मिल पा रहा जितना लोगों को आवश्यकता हैं। जलजीवन मिशन योजना भले ही कागजों में सही चल रही हो लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और हैं। आम नागरिकों के सोच के मुताबिक योजना खरी नहीं उतर पाई, जबकि ग्राम के अंदर इसके संचालन के लिए यहां पाइप लाइन बिछाकर पानी टंकी बनाई गई है, लेकिन यह केवल दिखावा बन कर रह गई है। ऐसे में केंद्र सरकार की यह महत्त्वकांक्षी योजना यहां पूरी तरह से फेल है। शुद्ध पेयजल की आस में पानी टंकी को देखकर लालायित हो रहें लोगों का अब धैर्य जवाब देने लगा हैं। इनका कहना हैं कि किस काम की योजना, जब लाखों खर्चने के बाद भी हमारी प्यास नहीं बुझ रही। लिहाजा लंबे समय से शुद्ध पेयजल की मांग कर रहे ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि हमारे गांव तथा टोला मोहल्ला के खराब हैंडपंपों की मरम्मत करा जलजीवन मिशन से नियमित पानी सप्लाई की व्यवस्था बनाई जाए।

**जलजीवन मिशन के लाभ से वंचितः**

ग्राम के भानसिंह पट्टा सहित लोगों का कहना हैं कि ग्राम के अंदर जब जलजीवन मिशन योजना के तहत जब पाइप लाइन बिछाने तथा टंकी निर्माण का कार्य किया जा रहा था तब ठेकेदार सहित विभाग के जवाबदारों ने प्रतिदिन शुद्ध पानी देने का दावा किया गया था लेकिन यहां ऐसा कुछ भी होता प्रतीत नहीं हो रहा। उन सभी के दावे फेल है। बघाटोला में तो पानी की सप्लाई शुरू भी नहीं की गई। ग्रामीणों द्वारा जब योजना के संचालन के बारे में जवाबदारों से जानना चाहें तो कोई यह बताने वाला नही है कि क्यों चालू नहीं कर रहें हैं और कब तक करेंगे। इन्होंने बताया कि यदि इस योजना का सतत लाभ ग्रामीणों को मिलता तो शायद ग्राम के अंदर पेयजल के समस्या की ऐसी स्थिति नहीं बनती। अफसोस इसे प्रारंभ नहीं किया गया और ग्रामीण इस लाभ से वंचित हैं। ऐसे में सरकार ने जिस मंशा से इस योजना को चालू किया था उन्हीं के नुमाइंदों की लापरवाही के कारण इस महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लग रहा हैं।

**गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रहे लोगः**

गोमती बाई पट्टा, मालिन बाई तेकाम आदि स्थानीय लोगों की मानें तो गर्मी के मौसम में प्रतिवर्ष तापमान में वृद्धि के साथ ही यहां जलसंकट गहरा गया है। खासकर अप्रैल, मई और जून का महीने कष्ट से भरे होते हैं। वर्तमान में प्राकृतिक जलस्त्रोत अभी से सूखने के कगार पर आ गए हैं। जलस्तर लगातार नीचे सरक रहा है, लेकिन अन्य कोई विकल्प मौजूद नहीं है। सुखसेन धुर्वे ने बताया कि पानी के लिए परेशान हो रहे लोग कुंए का मटमैला पानी पीने मजबूर हैं। ऐसे स्थिति में पेयजल की समस्या बरकरार है। लोगों को पीने के साथ साथ दैनिक आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। निस्तार के लिए पानी की व्यवस्था करने यहां वहां भटकना पड़ता है। मवेशियों को दूर नदी, तालाबों में ले जाकर पानी पिलाते हैं। जब मई माह में यह आलम है तो जून में क्या होगा कैसे प्यास बुझेगीं सोच सोच कर बुरा हाल हैं।

**कुएं का गंदा पानी पी रहे**

बघाटोला के नागरिक सुखदेव पट्टा, कदिया बाई पट्टा, शशि बाई तेकाम, मेला बाई तेकाम आदि ने पेयजल संकट पर कहा कि गांव के मुहाने पर वर्षों से हैंडपंप बंद पड़ा है। विभाग को जानकारी देने पर मरम्मत करने वाले आते है। उन्हें इस बात से मतलब नहीं रहता कि लोगों को इस हैंडपंप से पानी मिलें या न मिले, लेकिन वो हर बार पाइप निकाल कर जरुर ले जाते हैं। वर्तमान में गांव के अंदर पानी को लेकर ऐसा आलम है कि अंधेरे से उठकर कुओं तक जाना पड़ता तब जाकर पीने लायक पानी मिलता हैं, लेकिन अब इन कुओं से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। लिहाजा प्यास बुझाने के लिए बड़े मुश्किल से इंतजाम हो पाता हैं, जबकि अन्य जरुरत या निस्तार के लिए पानी नहीं मिल रहा। इन्होंने बताया कि ग्राम के नागरिक किस हाल में जी रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं हैं या नहीं यह जानने न तो पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक कभी आते और न ही जनपद मुख्यालय में बैठे अधिकारी कर्मचारियों को देखने की फुर्सत हैं।

**इनका कहना है......**

वर्तमान में पूरे पंचायत क्षेत्र में पानी के लिए नागरिक परेशान हो रहें हैं, लेकिन विभाग के द्वारा सुध नहीं ली जा रही है। जलजीवन मिशन का नियमित संचालन किया जाए जिससें ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सकें।

**बिरसिंह धुर्वे,सरपंच ग्राम पंचायत झनकी**

## दुल्हन थी तैयार...दहेज से इंकार पर नहीं पहुंची बारात



**दहेज को लेकर वर पक्ष ने विवाह के 8 दिन पहले वधू पक्ष से तोड़ा रिश्ता**

**वधू की बेवा मां से वर पक्ष ने दहेज में मांगे 7 लाख नगद, बुलेट व तीन तोला सोना**

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** जिला मुख्यालय मे एक शादी ऐन मौके पर दहेज की मांग के कारण रुक गई। दुल्हन अपने सपनों का जोड़ा पहन चुकी थी, मेहमान शादी की रस्मों के इंतजार में थे, लेकिन दूल्हा समेत उसके परिजनों ने मन मुताबिक दहेज न मिलने पर अंतिम समय पर शादी तोडने का फैसला कर जहां वधू पक्ष को आर्थिक नुकसान पहुंचाया वही समाज मे उसके व दुल्हन के मान सम्मान को ठेस पहुंचाते हुये दुल्हन के भविष्य पर भी दाग लगा दिया गया। जिससे वधू पक्ष समेत समाज के लोगों व रिश्तेदारों मे गहरा रोष व्याप्त है, हालांकि इस मामले की शिकायत जिलाधीश समेत पुलिस कप्तान तक पहुंच चुकी है। जहां से दहेज लोभियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। जिला मुख्यालय मे कोतवाली अंतर्गत दहेज की मांग को लेकर वर पक्ष द्वारा शादी संबंध तोडने का मामला सामने आया है जिसमे वधू पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत के अनुसार कोतवाली अनूपपुर अंतर्गत दुलहरा, पिपरिया की पुस्तैनी निवासी मुन्नू उर्फ मुन्नी बाई पटेल पति स्व. नन्दलाल पटेल की एक पुत्री राजकुमारी पटेल है। जिसका विवाह उनके द्वारा ग्राम मेडियारास के किशन प्रसाद पटेल के पुत्र चंद्रप्रकाश पटेल के साथ तय किया था जिसमे चन्द्रप्रकाश और राजकुमारी पटेल की मगनी ओली का कार्यक्रम भी सम्पन्न हो चुका था तथा विवाह की तारीख भी चंद्रप्रकाश के पिता के द्वारा तय कर दिया गया था तय कार्यक्रम के अनुसार तिलक 08.05.2025 को होना तय हुआ था वही लडकी पक्ष की तरफ से शादी के सभी सामान भी खरीद लिया गया तथा तथा विवाह के कार्ड भी छप चुके थे विवाह कार्यक्रम मे 09.05.2025 को मांगरमाटी मंडप, 10.05.2025 को मात्रिकापूजन एवं 11.05.2026 को बारात एवं शादी तय किया जाकर रस्म अदायगी होनी थी जिसके लिए निमंत्रण पत्र भी बांटा जाकर सभी रिश्तेदारों को विवाह की जानकारी दी जा चुकी थी।



## नाबालिग युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**वार्ड क्रमांक 11 जैन मंदिर के जंगल में लगाई फांसी**

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर बगल से जंगल में 16 वर्षीय नाबालिक युवक ने 12 मई की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली फांसी लगाए जाने का कारण अज्ञात है। पुलिस फांसी लगाये जाने के कारणों की जांच कर रही है ।मृतक धर्मजीत सिंह गोड़ पिता नंदराम गोड़ उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम मझगावं पोस्ट गोपालपुर बजाग थाना करंजिया जिला डिंडोरी म. प्र. जैन मंदिर के पास स्थित जंगल के पेड़ से महिला के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। धर्मजीत सिंह बैंक टोला निवासी प्रदीप गुप्ता उर्फ सनी के यहां रहता था। वह माह अगस्त 24 में अपने घर से भाग कर अमरकंटक आया था वह प्रदीप गुप्ता सनी के यहां काम करता था। सनी ने धर्मजीत को विगत माह मोबाइल भी खरीदकर दिया था। मृतक कक्षा 9 तक पढ़ा था मृतक प्रदीप गुप्ता उर्फ़ सन्नी को शौच के लिए बताकर हाथ में छोटी बाल्टी में पानी भरकर निकाला था कुछ देर तक ना आने पर सनी गुप्ता ने उसके मोबाइल पर फोन लगाकर संपर्क करना चाहा लेकिन फोन नहीं उठा उसने अपने स्तर पर खूब-खोज बीन की लेकिन नहीं मिला सुबह है ।

### केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने फहराया सफलता का परचम

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** 13 फ़रवरी को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवी और बारहवी के परीक्षा परिणाम घोषित किया। वर्ष 2019 में अनूपपुर शहर में शुरू हुए केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थी इस वर्ष पहली बार बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए और केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रतिष्ठा के अनुरूप सफलता के उच्चतम मानदंड स्थापित किये। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय बात यह रही कि परीक्षा में सम्मिलित हुए कुल 41 विद्यार्थियों में से 38 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि 11 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र अन्शुमान मिश्र ने 95.4 प्रतिशत, सत्यम सिंह ने 95.4 प्रतिशत, मंजरी शुक्ला ने 94.2 प्रतिशत, शिवांश सिंह ने 94 प्रतिशत तथा श्रृष्टि सिंह ने 93.2 प्रतिशत अंक, भालूमाडा थाना प्रभारी संजय खलको की बेटी अंकिता खलको ने 12वीं मे 81 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय, अपने परिवार तथा शहर का नाम रोशन किया।

**खबर संक्षेप**

### विनायक का सुयश



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए सी बी एस सी कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में सडूमर निवासी श्री दिनेश कौरव माता श्रीमती रश्मि कौरव के सुपुत्र विनायक ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिसर को गौरवान्वित किया है।इनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### आरुष का सुयश



**तेंदूखेड़ा।** सी बी एस सी परीक्षा परिणामों में धूपखेडा निवासी विनय शर्मा स्टेनों बी एस एफ के सुपुत्र आरुष ने कक्षा दसवीं में 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार का नाम रोशन किया है।

### 100 प्रतिशत रहा केन्द्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा कक्षा 12 वी एवं कक्षा 10 वी के सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर का कक्षा-12 वी एवं कक्षा 10वी का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। उक्त परिणाम के अंतर्गत कक्षा 12वी में विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान- कु स्वाति पटेल-96.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान- मास्टर रूद्र वेदी - 90.40प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कु. रागिनी मेहरा- 88.80 प्रतिशत ने प्राप्त किया। इसी क्रम में वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान कु संचिता चक्रवर्ती-92.40 प्रतिशत, द्वितीय स्थान- कु. सुमेधा वर्मा- 86.40 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान मास्टर ईशान शर्मा-80.80 प्रतिशत ने प्राप्त किया। परिणाम के इसी क्रम में कक्षा 10 वी में कु प्रियांशी सेन ने 94 प्रतिशत, के साथ प्रथम, मास्टर देवांश शर्मा 92.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं मास्टर वंश पटवा 92 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य सुश्री अर्चना गोविल एवं समस्त पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर स्टाफ सदस्यों ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नन्हें कलाकारों ने दिया जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्री राधारमण संगीत क्लासेस सालीचैका के नन्हे कलाकारों ने नाट्य एवं गीत-संगीत के माध्यम से जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने पानी ने बहाओ पानी ने बहाओ वरना बहुत पश्चात हो गीत के माध्यम से सुंदर गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने नाटक के माध्यम से जल बचाने और जल का दुरुपयोग रोकने का संदेश दिया। इस दौरान जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। एनसीआई हाई स्कूल बसुरिया के प्राचार्य श्री धनराज विश्वकर्मा ने कहा कि जल संवर्धन एवं संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में जल को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता। आने वाली पीढ़ी के लिए हम सभी को मिलकर जल का सदुपयोग करने और जल का दुरूपयोग रोकना चाहिये। संगीत क्लासेस संचालक शिक्षक सूरज श्रीवास ने मप्र शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए जन- जन को आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हरदौल जन सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, गरिमा मनु विश्वकर्मा, सौम्या तिवारी, कुसुम वर्मा, तेजस्व सोनी, आदित्य राजपुरोहित, समर्थ तिवारी, शुभ कहार, शोर्य पाटकार, अनमोल पटवा व ईशान वर्मा मौजूद थे।

महाकौशल शुगर में आगजनी का मामला

# बगास में आग लगने के मामले में बढ़ रहा संदेह

### बिना प्रशासनिक पुष्टि के हानि का बताया आंकड़ा आगजनी से हुए नुकसान के आंकड़ों पर संशय

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिले के बचई मे स्थित शुगर मिल में लगे बगास के ढेर पर आग लग गई थी। जिसपर बड़ी मशक्त के बाद आग मे काबू पाया गया। महाकौशल शुगर मिल में लगी आग से नुकसान के आंकडे को लेकर भी एक नई आग सुलगने लगी है। मिल के कर्मचारी हों या प्रत्यक्षदर्शी किसान और मौजूद अधिकारी-कर्मचारी 3 करोड़ के नुकसान की बात पर कोई भी सहमत नजर नहीं आया। बताया जाता है कि मिल के जिम्मेदार अधिकारी आग बुझाने से ज्यादा इस बात को लेकर ज्यादा सक्रिय दिखे कि 3 करोड़ के नुकसान की खबर ज्यादा फैल जाए। इसके पीछे



जो कहानी है उसके तथ्य शीघ्र ही सामने आएंगे। अभी तक प्रशासनिक रूप से कितना नुकसान हुआ है यह पुष्टि नही हो सकी है।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर बचई गांव में स्थित महाकौशल शुगर एंड पावर इंडस्टरीज परिसर में रविवार दोपहर आग भड़क गई थी। जिसके चलते बगास (गन्ने का अवशिष्ट) जल गया। कुछ घंटों में आग पर तो काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नही हो सका है कि आग कैसे लगी। आग लगने बाद बहुत ही आनन-फानन में मिल की तरफ से आंकड़ा बताया गया कि 12 हजार टन बगास जल गया है। जिसकी बाजार में कीमत 3 करोड रुपए है। हालाकि कितनी बगास जली और कितने कीमत कि है इसका आकलन प्रशासनिक रूप से होना अभी शेष है।

### कर्मचारी ने दी थी जानकारी

शुगर मिल के कर्मचारी अमरजीत सिंह गिल पिता स्व. श्याम सिंह गिल उम्र 59 वर्ष जो की महाकौशल शुगर मिल मी सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। थाना मंगवानी लिखित आवेदन देकर अग्रिम कार्रवाई मांग की गई। बताया गया कि शुगर मिल के बगास यार्ड मे अचानक आग लग गई। जिसमे शुगर मिल की ओर से दिये गए आंकड़ो मे बताया गया कि दस से बारह हजार टन बगास जल गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही



हरिभूमि

महाकौशल शुगर मिल के बगास यार्ड में लगी भीषण आग

प्रशासन के सभी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। लेकिन प्रशासन की ओर से आग लगने से कितना नुकसान शुगर मिल को हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं किया गया। लोगों को संदेह है कि आग लगी या लगाई गई यह भी स्पष्ट नहीं है।

### चर्चा का विषय बनी आग

उक्त मामले को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है आग लगने से तीन से चार करोड़ का नुकसान होना बताया जा रहा है। हालांकि यह बात लोगों को उचित प्रतीत नही हो रही है और लोगों द्वारा चर्चा की जा रही है कि शुगर मिल संचालक द्वारा किसान व प्रशासन से बचने के लिए षड़यत्र तो नही रचा गया। ज्ञात हो कि महाकौशल शुगर मिल पूर्व से ही किसानों भुगतान के मामले मे विवादित बना हुआ वही प्रशासनिक खाना पूर्ति भी पूरी नही की गई। जिसमें टैक्स संबंधी कार्रवाई भी पूरी नही हो सकी है। ऐसे मे आग लगने से नुकसान दर्शा कर किसानों के भुगतान मे विलंब व प्रशासनिक कार्रवाई से बचने का षड़यत्र होने का भी संदेह प्रतीत हो रहा है। फिलहाल प्रशासन के अधिकारियों की जांच पड़ताल होना तथा वास्तविक नुकसान के आंकड़े आना शेष है। अब देखना होगा कि प्रशासन की जांच मे क्या सामने आता है।

# संत, महंत एवं कर्मकांडी ब्राह्मणों का किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस भगवान श्री हरि विष्णु के चतुर्थ अवतार भगवान नरसिंह की प्रकट दिवस पर जिले के प्रमुख संत महात्मा श्री महंत एवं कर्मकांडी प्रमुख पुजारी तथा भागवत आचार्य का सम्मान संत ब्राह्मण समाजसेवी गुरु निष्ठा एवं गुरु भक्ति के संवाहक अपने गुरुदेव पर अगाध श्रद्धा रखने वाले पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल मुन्ना भैया ने बड़े ही निष्ठा भाव से अग्रोअंग वस्त्र समुचित दक्षिणा देकर आचार्य का सम्मान किया गया। आचार्य गणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सुखमय व स्वास्थ्य जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में पुजारी कर्मकांडी सभा की जिला अध्यक्ष सम्मानित विपिन चंद दुबे महाकाल दास महाराज का योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित लक्ष्मण वैष्णव जिला संयोजक पुजारी कर्मकारिणी महासभा नरसिंहपुर द्वारा किया गया।

# समर कैंप से निखर रही बच्चों की प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के मार्गदर्शन में शासकीय एकीकृत कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा परिसर में 1 मई से समर कैंप जारी है। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों योग, स्पोकन इंग्लिश, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग के साथ साथ खेल कूद जैसे कबड्डी, खो- खो कैरम, चेस आदि विविध गतिविधियां कराई जा रही हैं। समर कैंप की गतिविधियां विद्यालय के ही तीन चयनित शिक्षकों तरुवर पटेल, शंकर राजभर एवं प्रशांत नामदेव द्वारा शासन द्वारा निश्चित की गई थीमों पर कराई जा रही है ।इस दौरान परंपरागत खेलों को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखा। इस कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं बौद्धिक वृद्धि के लिए योग, ध्यान, सर्कल टाइम का



आयोजन हो रहा है।पंजीकृत विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेकर इन गतिविधियों को सीख रहे हैं। प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने बताया ऐसे कैंप बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य कौशल सीखने व अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं। कैंप की सफलता के लिए शिक्षक भी नियमित रूप से सेवाएं दे रहे हैं। इस आयोजन से बच्चों में विशेष उत्साह व रचनात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है।

### जनसुनवाई में आये 74 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई हाल में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्या बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 74 आवेदन आये।

### टी-शर्ट और कैप पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सांदीपनि विद्यालय में 13 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। इस कैंप में प्रतिदिन 5 गतिविधियां आयोजित की जा रही थी। जिसमें खेल गतिविधि, नृत्य, क्षेत्रीय, संगीत एंव वाद्य यंत्र वादन, पब्लिक स्पीकिंग, स्टार्टअप एवं वित्तीय साक्षरता, आर्ट एंव क्राफ्ट में लगभग 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने अभिनव प्रयोग करते हुए सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को कैप एंव टी-शर्ट वितरित किए। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. एस.के. पाल एवं संस्था प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती का पूजन अर्चन किया इसके पश्चात आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों के द्वारा बनाई



गई विभिन्न कलाकृतियों की सराहना की। मंचीय कार्यक्रम में 13 दिवसीय समर कैम्प का प्रतिवेदन छात्रा आस्था पटवा ने प्रस्तुत किया। समर कैम्प के समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा आर्ट एंड क्रॉफ्ट नृत्य, गीत, संगीत, पब्लिक स्पीकिंग, स्टार्टअप एंड वित्तीय साक्षरता पर इतनी सुंदर प्रस्तुति की जा सकती है कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की छात्राओं कु. साक्षी एवं कु. अक्षरा द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुशील दीक्षित द्वारा किया गया।

### कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय बरगी ओवर ब्रिज के नीचे रिपटापार उद्योग नगरी के पास संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं रुद्री निर्माण शिव अभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास अष्टादश पुराण प्रवक्ता वाचस्पति अभिषेक दीक्षित श्याम नंदन जी महाराज श्रीधाम वृंदावन वालों के द्वारा कथा का



वाचन किया जायेगा। 13 मई को कलश यात्रा कथा पंडाल से शाम 4 बजे से प्रारंभ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजनकर्ता ने बताया कि प्रतिदिन पूजन पाठ सुबह 8 बजे से 11 बजे तक किया जावेगा। महाराज श्री के द्वारा रोजाना कथा का वाचन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जावेगा। इसके अलावा 20 मई सोमवार को हवन एवं भंडारा किया जावेगा। आयोजन कर्ताओं ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने एवं धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



### 2480 घरों में हुआ गायत्री यज्ञ

**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता गायत्री माता और समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाये जाने की कल्पना को साकार करते हुए संपूर्ण विश्व में लाखों घरों में एक ही दिन एक ही समय में 12 मई दिन सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर विगत वर्षों की भांति बृहद स्तर पर आयोजन किया गया। एक सप्ताह पूर्व से ही गायत्री परिजनों ने घर घर जाकर संपर्क कर इस महाआयोजन में सहभागिता की अपील की गई थी जिसके चलते तेंदूखेड़ा के रहे गायत्री परिजनों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस महाआयोजन के जहां आध्यात्मिक कारण भी है । वहीं वातावरण के परिशोधन पर्यावरण सुरक्षा देव परिवार निर्माण वैचारिक उत्कृष्टता संस्कारों की पुर्नस्थापना आत्मशक्ति के अभ्युदय समर्थ राष्ट्र निर्माण बुद्धि के विकास सुख शांति लाने सहित विभिन्न प्रकार के वायरसों से मुक्ति पाने और यज्ञ साधना से इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर एक साथ सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन किए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव और घर में गायत्री परिवार के परिजन प्रज्ञा मंडलों के द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपने अपने घरों मे गायत्री यज्ञ करने की घर घर जाकर अपील की गई है। इसी सिलसिले मे संपूर्ण जिले में 2480 से अधिक परिवारों में गायत्री यज्ञ किया गया। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी गायत्री परिवार के वरिष्ठ वृन्दावन पटेल ने बताया कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सर्वाधिक 985 करेली 213 गाडरवारा 556 नरसिंहपुर 611 गोटेगांव में 13 सांईखेडा 102 में सुबह से ही परिवारों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला।पूरे परिवार ने गायत्री मंत्र के साथ यथा संभव आहुतियां छोड़ी। एवं भगवान महाकाल की आहुति छोड़ी मंगल आरती के साथ शांति अभिसिंचन किया शांति पाठ के साथ समापन हुआ। सभी परिवारों को यज्ञ की विधि एवं गायत्री माता का चित्र हवन सामग्री सभी को भेंट किये गये थे। तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत वरिष्ठ परिजन वृन्दावन पटेल काशीराम पटेल संतोष पटेल अविनाश बेलाकर भैरों प्रसाद तेजराम यशवंत पटेल द्वारका प्रसाद सोनी रामकुमार ठाकुर वीरेन्द्र पटेल पुरुषोत्तम पटेल नारायण पटेल शंकर लाल भूपेंद्र पटेल ने इस पुण्य अभियान में अपनी सहभागिता दी।



# कबाड़ में बेचने ले जा रहा था तांबा कापर विद्युत 11 के व्ही और 32 के तार



### बाहन सहित लाखों का सामन पुलिस हिरासत में

**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में कबाड़ का धंधा दिन दूना चार चौगना फलफूलता नजर आ रहा है जिसकी मुख्य बजह चोरी के सामान को आधे से भी कम दामों में खरीदकर रातों रात अपने निजी बाहन में बाहर जबलपुर भोपाल सागर की कबाड़ मंडियों में महंगे दामों में ले जाकर बेचने का मामला सामने आया है। सोमवार की रात्रि को एक फरियादी जिसके दो जनरेटर पिछले सप्ताह बिलगुवां से चोरी गये थे उसकी सजगता से कुछ और सहयोगियों की सहायता से पुलिस ने ग्राम खेरुआ इमझिरा स्कूल के पीछे तरफ से एक आईसर ट्रक बाहन क्रमांक एमपी 15 सी 4964 को हिरासत में लिया है। जिसमें लाखों रुपए कीमत का विद्युत तार के नये तार के बंडल के अलावा तांबें कांपर दूरसंचार विभाग की बैटरियां मिलीं है और भी सामग्री है जो पुलिस थाने में बाहन के साथ रखी हुई है। विद्युत तार निकलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गये थे और वह फरियादी भी उपस्थित रहा जिसके दो जनरेटर चोरी हुये है। हालांकि जनरेटर तो नहीं मिले लेकिन उसमें जो तांबा और अन्य सामग्री थी वह जरुर मिली है।

### विद्युत अधिकारी देखकर रह गये दंग

गौरतलब विषय तो यह है कि जिस 11 के व्ही और 32 के तारों से हस्तक्षेप करने से विद्युत अधिकारी कर्मचारी स्वयं कतराते हैं। उसके छ बंडल लगभग चार से पांच क्विंटल वजन लाखों रुपए कीमत के कबाड़ी के पास कहां से आए यह गंभीर सोच का विषय है। विभाग इन तारों की व्यवस्था में ऊपर नीचे हो रहा है और इतनी बढ़ी मात्रा में तार चोरी होना निश्चित तौर पर किसी जयचंद की भूमिका होगी। मौके पर उपस्थित तेंदूखेड़ा और डोभी वितरण केंद्र के अधिकारियों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि पिछले कई दिनों से बिजली का तार चोरी जा रहा था।इस चोरी से सभी की जानकारी मिल सकती है।

### दूरसंचार की बैटरी कहां से आई

सबसे बड़ा सोचनीय विषय यह भी सामने आया कि जिस भारतीय दूर संचार निगम का तेंदूखेड़ा में करोड़ों रुपए की लागत से रहवास सहित वातानुकूलित भवन बनाया है। लेकिन आज देखरेख के अभाव में कोई अधिकारी कर्मचारी ना रहने के कारण खंडहर जैसा पड़ा हुआ है और हजारों रुपए मूल्य की चार बैटरियां कबाड़ में बिक गई। आखिर कार इन बैटरियों को किसने बेंचा होगा इसकी जानकारी भी इस कबाड़ी से उजागर हो सकती है।

### खेतों के नोजल संबरसेबिल के रोटर और बाहनों के रेजिरेटर भी मिले

आये दिन किसानों के खेतों में सिंचाई को प्रयूक्त किए जाने वाले नोजल चोरी होना क्षेत्र में चर्चा में बना रहता है। उनके बड़ी संख्या में नोजल का जखीरा भी बरामद हुआ है जिससे यह साबित होता है कि चोर इन कबाड़ियों के माध्यम से इन नोजलों की चोरी कर सामग्री यहां पर आकर बेंच रहें हैं। चोरों का कबाड़ियों से सीधा संपर्क बना हुआ है।साथ ही तांबें का तार भी मिला है जिसमें कुछ तो जनरेटरों का है तो कुछ विद्युत मोटरों का है।

### खप रहें हैं ट्राली और बगैर नंबर की मोटरसाइकिल फोरवीलर बाहन

सोचनीय और विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर हमेशा यह देखने को मिला करती है कि कबाड़ियों के कबाड़ खाने से ट्रेक्टर ट्राली बगैर नंबर की मोटरसाइकिलें और चार पहिया वाहन तक यहां पर खड़े देखे जाते हैं। निश्चित तौर पर चोरी जाने वाले वाहन या स्क्रेप में कटने वाले वाहन यहां खपाये जा रहें हैं। और रातों रात वाहनों में भरकर कबाड़ी अन्यत्र बेच रहे हैं यह सबसे बड़ा गंभीर और सोचनीय विषय है। सप्ताह में दो बार एन एच 45



मुख्य सड़क माग स बाहन भरकर जाना मतलब क्षेत्र म बहुत ज्यादा कबाड़ पड़ा हुआ है।

### सख्ती से कार्रवाई की जरूरत

तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में कबाड़ का धंधा करने वालों पर विशेष निगरानी के साथ इनकी हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। वहीं चोरी में जो माल मिला है उसकी तह तक पहुंच कर चोरों तक पहुंचा जा सकता है। मामले को शांत कराने की दिशा में प्रभावशालियों का हस्तक्षेप फिर इसमें लिप्त लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ कार्यवाही को अंजाम तक पहुंचायें जाने की मांग वरिष्ठ अधिकारियों से पीड़ित पक्ष ने की है।

### इनका कहना है

सोमवार की रात्रि में एक आइसर ट्रक में एल्युमीनियम विद्युत तार के बंडल तांबे के तार कुछ बैटरी नोजल एवं अन्य सामग्री इमझिरा खेरुआ के समीप से ट्रक में भरते हुए पकड़कर लाया गया है। अभी इसकी जांच चल रही है।

**सौरभ पटेल नगर निरीक्षक तेंदूखेड़ा**

बड़ी मात्रा में मिलें 11 के व्ही और 32 के विद्युत तार मिलने की जानकारी लगते ही हमारे स्टाफ सहित पुलिस थाने में पहुंच गये थे। पूर्व में बिल्थारी और भामा क्षेत्र से विद्युत तार चोरी गया था जिसकी लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। डोभी और तेंदूखेड़ा दोनों संयुक्त रुप से कार्यवाही कर रहे हैं।

**उमेश बाल्मीक**
**प्रभारी विद्युत अधिकारी डोभी**